सीसीटीएनएस / ईमेल

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

पत्रांक:टीएस–सीसीटीएनएस–30 / 2010 दिनांक:लखनऊ:दिसम्बर 2 ,2014

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– Cipa II. एवं Cipa III **योजनान्तर्गत जनपद के अक्रियाशील कम्प्यूटर के स्थान पर सीसीटीएनएस योजनान्तर्गत उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटरों में से** Cipa II. एवं Cipa III **के जनपद / लोकेशन को 01 कम्प्यूटर मेक लेनेवो (LENOVO) (मानीटर, यूपीएस, कीबोर्ड, माउस, केबिल सहित) स्थानान्तरित किया जाना।**

दिनांक 28–11–2014 को सीसीटीएनएस योजना प्रगति की समीक्षा हेतु अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एंव व्यवस्था एंव अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें उत्तर प्रदेश द्वारा किये गये वीडियो कान्सफेन्सिग में कुछ जनपद प्रभारी द्वारा यह अवगत कराया है कि सीसीटीएनएस योजना के तहत पूर्व में Cipa II. एवं Cipa III योजनान्तर्गत प्रदत्त किये गये कम्प्यूटर / हार्डवेयर कियाशील नहीं रह गये हैं। इस कारण सीसीटीएनएस योजना को पूर्ण रूप से लागू करने में असुविधा हो रही है।

2. अतः यह निर्णय लिया गया है कि इस पत्र द्वारा दी जा रही **सूची संलग्न–1** के अन्तर्गत सीसीटीएनएस योजना के जनपद अपने–अपने थाने से 01 कम्प्यूटर मेक लेनेवो (LENOVO) (मानीटर, यूपीएस, कीबोर्ड, माउस, केबिल सहित) एवं **सूची संलग्न–2** के अन्तर्गत सीसीटीएनएस योजना के जनपद अपने–अपने अपर पुलिस अधीक्षक / पुलिस उपाधीक्षक / थाने से 02 कम्प्यूटर मेक लेनेवो (LENOVO) (मानीटर, यूपीएस, कीबोर्ड, माउस, केबिल सहित) प्राप्तकर्ता जनपदों के थानों को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। प्राप्तकर्ता जनपदीय पुलिस प्रभारी उन जनपदों को सूची में अंकित थानों पर उक्त कम्प्यूटर स्थापित कर तत्काल प्रभाव से सीसीटीएनएस योजना का कियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं की सीसीटीएनएस योजना को भविष्य में इसके सुचारूरूप से संचालित होने पर अपराधियों पर अपराध नियंत्रण में काफी सहायक हो। इस योजना को सुचारूरूप से संचालित कराने का कष्ट करें।

➤ **क्रियान्वयन हेतु मुख्य निर्देशः—**

- प्राप्तकर्ता जनपद एक प्रदान कर्ता जनपद के थानों की जीपी रजिस्टर में इस आदान—प्रदान का स्पष्ट रूप से उल्लेख किये जाये। जी0पी0 रजिस्टर में उल्लेख के उपरान्त पुलिस उपाधीक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित भी करा लिया जाये।
- यह समस्त कार्यवाही दिनांक 10—12—2014 तक पूर्ण कराकर दिनांक 12—12—2014 तक ई—मेल के माध्यम से इस मुख्यालय को अवगत करायें।
- समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक एवं परिक्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश से उक्त क्रम में यह अनुरोध है कि कृपया अपने—अपने जोन/ परिक्षेत्र के कम्प्यूटरों के आदान—प्रदान की कार्यवाही अपने निकट पर्यवेक्षण में करायें।
- कम्प्यूटर प्राप्तकर्ता—प्रदानकर्ता जनपद से यह अपेक्षा की जाती है कि सूची में किसी प्रकार का संशोधन न करें।

संलग्नकः—<u>सूची संलग्न—1</u>, <u>सूची संलग्न—2</u>

03.Dec.14

(प्रकाश डी0)
पुलिस महानिरीक्षक, तकनीकी सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ प्रेषितः—

1. अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को दिनांक 28.11.2014 को सम्पन्न वीडियो कान्फ्रेंसिंग के परिप्रेक्ष्य में अपने स्तर से भी सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. समस्त पुलिस महानिरीक्षक, जोन उत्तर प्रदेश से यह अनुरोध है कि कृपया जोन स्तर पर बिन्दुवार कार्यवाही अपने निकट पर्यवेक्षण में करायेंगे।
2. समस्त पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्रीय उ0प्र0 उत्तर प्रदेश से यह अनुरोध है कि कृपया परिक्षेत्रीय स्तर पर बिन्दुवार कार्यवाही अपने निकट पर्यवेक्षण में करायेंगे।
3. श्री जफर रिजवी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, सिस्टम इन्ट्रीग्रेटर (एस0आई0) मेमर्स एन0आई0आई0टी0 टेक्नालॉजी लिमिटेड, लखनऊ को उपरोक्त जनपद के लोकेशन पर इन्स्टालेशन की कार्यवाही हेतु।
4. प्रोजेक्ट मैनेजर, SPMU (Ernst & Young) कैम्प—लखनऊ।
5. प्रभारी कन्ट्रोल रूम, सीसीटीएनएस, मुख्यालय उ0प्र0पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय।
6. प्रभारी वेबसाइट को अपलोड किये जाने हेतु।